## ।। कार्यालय मुख्य शिक्षा अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल ।।

सेवा में,

1. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद–पौड़ी गढ़वाल
2. समस्त उप शिक्षा अधिकारी, जनपद–पौड़ी गढ़वाल

पत्रांकः– विविध / 6225-28 / स्वयंप्रभा / 2020–21 दिनांक 20 अक्टूबर, 2020।

**विषयः– स्वयं प्रभा पी0एम0ई0 विद्या (PM e-Vidya) अभिमुखीकरण प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक–महानिदे0 / 2865–69 / 2020–21 दिनांक 14 अक्टूबर, 2020 के अनुपालन में अवगत कराना है कि कोविड–19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न शैक्षिक संकट के निवारण के लिए भारत सरकार द्वारा (PM e-Vidya) ग्रुप ऑफ चैनल लांच किया गया है। इसके अन्तर्गत टेलीविजन, डी0टी0एच सेवा के माध्यम से कक्षा 01 से कक्षा 12 तक प्रत्येक कक्षा हेतु एक–एक चैनल निर्धारित किया गया है। सौभाग्य से उत्तराखण्ड राज्य में अधिकतर घरों में टी0वी0 सेट उपलब्ध हैं। अतः इस शैक्षिक संकटकाल में विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए यह एक सशक्त माध्यम है।

एस0सी0आर0टी0 उत्तराखण्ड द्वारा शिक्षकों को (PM e-Vidya) के सचालन हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि इस सुविधा के सन्दर्भ में शिक्षकों को जानकारी उपलब्ध हो तथा वे अपने विद्यार्थियों के घरों में इस सुविधा के उपयोग की जानकारी दे सकें। एस0सी0आर0टी0 द्वारा तैयार प्रशिक्षण मॉड्यूल **https://wke.lt/w/s/YI6KsF** लिंक पर भी उपलब्ध है।

उक्त विषयक अपेक्षा की जाती है कि आप व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने विकासखण्ड के अन्तर्गत शत–प्रतिशत शिक्षकों का अभिमुखीकरण किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक डायट में इस कार्य हेतु स्वयंप्रभा सेल का गठन किया गया है। अतः अभिमुखीकरण कार्य के सफल संचालन हेतु डायअ से समन्वय किया जाय, ताकि जिन घरों में टेलीविजन सेट उपलब्ध हैं, वहां पर इन चैनलों का उपयोग शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जा सके।

अतः निर्देशित किया जाता है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाय। इस हेतु आप लागातार विकासखण्ड़ों का अनुश्रवण करें तथा कृत कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरी को भी अवगत करायें।

भवदीय

20/10/2020

(एम0एस0 रावत)
मुख्य शिक्षा अधिकारी,
जनपद–पौड़ी गढ़वाल

पृ0सं0:– विविध / 6225-28 / स्वयंप्रभा / 2020–21 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, प्रा0शि0 / मा0शि0 / अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड।
3. प्राचार्य डायट को इस आशय से कि जनपद के प्रत्येक शिक्षक को PMeVidhya के सम्बन्ध में प्रशिक्षित करना सुनिश्चित करेंगे।

20/10/2020

मुख्य शिक्षा अधिकारी,
जनपद–पौड़ी गढ़वाल